गैर-नागरिक माता-पिता के लिए अग्रिम योजना

डिस्क्लेमर: यह सलाह लीगल ऐड सोसाइटी, आप्रवासी लॉ यूनिट द्वारा बनाई गई है। यह सलाह कानूनी सलाह नहीं है, और किसी आप्रवासी विशेषज्ञ की सलाह के लिए विकल्प नहीं है।

यदि आप एक नाबालिग बच्चे के माता-पिता हैं, अमेरिकी नागरिक नहीं हैं, और मानते हैं कि भविष्य में आप पर अमेरिका से हटाए (निर्वासित किए) जाने का जोखिम हो सकता है, तो कुछ ऐसे निश्चित कदम हैं, जिनकी अपने बच्चे के सरंक्षण और देखभाल के लिए आप अभी से योजना बना सकते हैं।

स्कूल से आपातकालीन संपर्क

अगर आपका बच्चा स्कूल में दाखिला लेता है, तो आप उन तीन लोगों के नाम दे सकते हैं जिनसे स्कूल आपातकाल में या आपके बच्चे के बीमार होने पर संपर्क कर सकता है। उन्हें स्कूल में अपने बच्चे के "ब्लू कार्ड" में जोड़ें।

- ब्लू कार्ड, एनवाईसी डीओई (Blue Card, NYC DOE) **http://bit.ly/2p1GOXd**

पासपोर्ट

अगर वह यूएस नागरिक है, तो अपने बच्चे के लिए यूएस पासपोर्ट का अनुरोध करने के लिए इस फॉर्म का उपयोग करें। यदि वह 18 साल की उम्र से कम है, तो दूसरे माता-पिता को उनकी सहमति देनी होगी, या आपको यह बताना होगा कि दूसरे माता-पिता की अनुमति क्यों नहीं ली जा सकती या आवश्यक नहीं है।

- फॉर्म डीएस-11, यूएस पासपोर्ट आवेदन (Form DS-11, U.S. Passport Application) **http://bit.ly/2oUTa3A**
- फॉर्म डीएस-3053, अन्य माता-पिता की सहमति (Form DS-3053, Consent of Other Parent) **http://bit.ly/2nAUNmY**

यदि आपका बच्चा यूएस का नागरिक नहीं है, तो उचित विदेशी वाणिज्य दूतावास से अपने बच्चे के लिए पासपोर्ट कैसे प्राप्त करें, इसके निर्देशों के बारे में पूछें।.

यात्रा अनुमति

यदि आप अपने नाबालिग बच्चे को अकेले विदेश में यात्रा करने के लिए अधिकृत करना चाहते हैं, या यदि आप चाहते हैं कि विदेश यात्रा के दौरान आपके नाबालिग बच्चे के साथ कोई रहे तो इस अनुज्ञा पर हस्ताक्षर करें (प्रत्येक माता पिता को हस्ताक्षर करना चाहिए या आपको बताना होगा कि अन्य माता-पिता की अनुमति क्यों नहीं ली जा सकती या आवश्यक नहीं है)। इस पर एक नोटरी पब्लिक के सामने हस्ताक्षर होना चाहिए। आपके बच्चे को अपने मूल जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट के साथ-साथ यात्रा अनुमति फॉर्म पर सूचीबद्ध दस्तावेजों की प्रतियों के साथ यात्रा करनी चाहिए। साथ ही अकेले बच्चों के लिए एयरलाइन की आवश्यकताओं की जांच करें।

- यात्रा अनुमति **http://bit.ly/2p3HMzt**

ये कुछ एयरलाइंसों की अकेले नाबालिगों के लिए यात्रा नीतियां हैं:

- यूनाइडेट एयरलाइंस **http://bit.ly/1UZKdw5**
- अमेरिकान एयरलाइंस **http://bit.ly/2a2mkWt**
- डेल्टा एयरलाइंस **http://bit.ly/1f9erXv** *(click on "Children traveling alone")*
- जेट ब्लू **http://bit.ly/2oIh9Sz**
- एयरो मैक्सिको **http://bit.ly/2ojXgyv** *(click on "Children")*

माता-पिता के रिश्ते में व्यक्ति का पदनाम

किसी को अपने बच्चे के लिए स्कूल के निर्णयों और स्वास्थ्य देखभाल के फैसले करने की अनुमति देने के लिए इस फॉर्म का उपयोग करें। एक नोटरी पब्लिक के सामने हस्ताक्षर करें, इसके लिए आपको वकील की जरूरत नहीं है।.

- माता-पिता के रिश्ते में व्यक्ति की पदनाम, अंग्रेजी में **http://bit.ly/2o3HQhH**
- माता-पिता के रिश्ते में व्यक्ति की पदनाम, स्पेनिश में **http://bit.ly/2nB67iX**

अतिरिक्त अभिभावकता पदनाम

- यह फॉर्म केवल गंभीर चिकित्सीय समस्या वाले लोगों के लिए है। यह तब प्रभावी हो जाता है, यदि कोई डॉक्टर प्रमाणित करता है कि आप मानसिक रूप से अक्षम हैं; यदि आप शारीरिक रूप से कमजोर पड़ गए हैं और आप पदनाम प्रभाव लेने के लिए सहमति देते हैं; या यदि आपकी मौत हो जाती है। इसे फैमिली कोर्ट के समक्ष दायर किया जा सकता है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।
- अतिरिक्त अभिभावकता पदनाम **http://bit.ly/2oYinKB**

पावर ऑफ अटॉर्नी

किसी व्यक्ति को आप के लिए संपत्ति लेनदेन संभालने की अनुमति देने के लिए इस फॉर्म का उपयोग करें। इस पर एक नोटरी पब्लिक के सामने हस्ताक्षर होना चाहिए। इसके लिए आपको किसी वकील की जरूरत नहीं है। पावर ऑफ अटॉर्नी सीधे बच्चों की देखभाल या संरक्षण से संबंधित नहीं है, बल्कि आपके बैंक खाते, अपार्टमेंट लीज, बीमा मामले, स्वास्थ्य देखभाल बिलिंग आदि जैसी संपत्ति मामलों तक सीमित है।.

- पावर ऑफ अटॉर्नी **http://bit.ly/2p3CRyw**

अदालत में अभिभावक का पद या संरक्षण याचिका

फैमिली कोर्ट या सरोगेट कोर्ट आपके बच्चे की औपचारिक अभिभावकता या संरक्षण के संबंध में आदेश जारी कर सकता है। **चेतावनी:** अभिभावकता या संरक्षकता का आदेश होने के बावजूद आपके बच्चे को लेकर किसी के अधिकारों को लागू करने में बहुत मददगार हो सकता है, हालांकि, संरक्षण, अभिभावकता या अतिरिक्त अभिभावकता के लिए अदालत में जाने के कई **जोखिम** हैं।:

अन्य माता-पिता को आम तौर पर इस प्रकार की अदालती कार्यवाही के बारे में सूचित किया जाना चाहिए।

• जब आप वहां जा रहे हों तो दूसरे माता-पिता आप्रवासी को अदालत में आने के लिए कह सकते हैं! यह विशेष रूप से खतरनाक है यदि आपके पास पहले से ही अंतिम निष्कासन (निर्वासन) आदेश है

• अन्य माता-पिता आपके बच्चे के जीवन से अनुपस्थित होने के बाद फिर से प्रकट हो सकते हैं और अपने बच्चे के बारे में अपनी याचिका दायर कर सकते हैं।

• अदालत की लड़ाई में, दूसरे माता-पिता के पास आपके बच्चे के लिए, आपको जिस व्यक्ति को अभिभावकता या संरक्षण मिलने की उम्मीद है, से ज्यादा अधिकार होंगे।

• किसी संरक्षण के आदेश को एक बार अंतिम रूप दे दिए जाने के बाद किसी अदालत के लिए आदेश बदलना मुश्किल हो सकता है। इसलिए यदि आप संरक्षण वापस पाना चाहते हैं, तो आपको अपने बच्चे के जीवन में परिस्थितियों में पर्याप्त बदलाव दिखाना होगा; यह दिखाना मुश्किल हो सकता है।

• संरक्षक आपसे बच्चे के बारे में सहायता ले सकता है!

अपने बच्चे के बारे में किसी भी प्रकार की अदालती कार्यवाही शुरू करने से पहले एक योग्य वकील से बात करें।.

यदि आपके पास कोई प्रश्न है या सहायता की जरूरत है, तो कृपया हमारे इमिग्रेशन हॉटलाइन 844-955-3425 पर कॉल करें।